# केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र
# Sample question paper for practice only
## हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2025
## High School Examination Year 2025
## विषय - सामाजिक विज्ञान
## Subject-Social Science
## (Hindi & English Versions)

| Total Questions | Total printed Page | Time Hours | Maximum Marks |
|---|---|---|---|
| **23** | **12** | **03:00** | **75** |

समय - 03:00 घण्टे पूर्णांक - 75

निर्देश-

i- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

ii- प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक उप प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।

iii- प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिये गये है।

iv- प्रश्न क्रमांक 6 से17 तक 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है । उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है।

v- प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 03 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है।

vi- प्रश्न क्रमांक 21 से 22 तक कुल 02 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 120 शब्द है।

vii- प्रश्न क्रमांक 23 का उत्तर, दिये गये निर्देशानुसार भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाइये। उत्तर के लिये 04 अंक निर्धारित हैं।

Instructions-

i- All questions are compulsory.

ii- Question numbers 1 to 5 are objective questions. Each sub-question carries 01 mark.

iii- Question numbers 6 to 23 have internal choices in each question.

iv- Question numbers 6 to 17 are 12 questions. 02 marks are allotted for each question. Word limit is 30 words.

v- Question numbers 18 to 20 are total 03 questions. 03 marks are allotted for each question. Word limit is 75 words.

vi- Question numbers 21 and 22 are total 02 questions. 04 marks are allotted for each question. Word limit is 120 words.

vii- Answer of Question Number 23 should be indicated on the outline map of India as directed, carries 04 marks.

**प्रश्न1-** सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(1x6=06)**

(i ) निम्नलिखित में से किस प्रान्त में सीढ़ीदार ( सोपानी ) खेती की जाती है -

(अ) पंजाब (ब) उत्तरप्रदेश के मैदान

(स) हरियाणा ( द ) उत्तराखण्ड

(ii) काली मृदा किस राज्य में मुख्य रूप से पाई जाती है -

(अ) जम्मू कश्मीर (ब) राजस्थान

( स ) महाराष्ट्र ( द) झारखण्ड

(iii) भारत में प्रोजेक्ट टाइगर परियोजना कब प्रारम्भ हुई -

(अ) 1980 (ब) 1973

(स)1976 ( द ) 1970

(iv) गाँधी इरविन समझौता हुआ था -

(अ) 5 मार्च1931 (ब) 3 मार्च1932

(स) 4 मार्च1930 ( द ) 2 मार्च1933

(v) भारत में हिन्दी के अलावा कितनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज किया गया है -

(अ) 15 (ब) 17

(स)19 ( द ) 21

(vi) भारत में सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य है -

(अ) पंजाब (ब) हरियाणा

(स) केरल ( द ) कर्नाटक

**Choose and write the correct option:**

(a) In which of the following states terrace farming is done -

(a) Punjab (b) Plains of Uttar Pradesh

(c) Haryana (d) Uttarakhand

(b) In which state black soil is mainly found -

(a) Jammu Kashmir (b) Rajasthan

(c) Maharashtra (d) Jharkhand

(c) When did Project Tiger start in India -

(a) 1980 (b) 1973

(c) 1976 (d) 1970

(d) Gandhi Irwin Pact was signed on -

(a) 5 March 1931 (b) 3 March 1932

(c) 4 March 1930 (d) 2 March 1933

(e) How many languages other than Hindi are listed in the 8th Schedule of the Constitution of India.

(A) 15 (B) 17

(C) 19 (D) 21

(f) The state with the highest literacy in India is -

(A) Punjab (B) Haryana

(C) Kerala (D) Karnataka

**प्रश्न 2-** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये । **(1x6=06)**

(i) भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील .................. है।

(ii) "कर्तन दहन प्रणाली" को छत्तीसगढ़ में ........................कहा जाता है ।

(iii) आन्ध्रप्रदेश के कोरोमण्डल तट पर सर्वाधिक सुरक्षित एवं गहरा बन्दरगाह................. है ।

(iv) अफ्रीका में 1890 के दशक में ...................... नामक बीमारी बहुत तेजी से फैली ।

(v) समान मजदूरी से सम्बन्धित अधिनियम में कहा गया है कि समान कार्य के लिए................ दी जायेगी ।

(vi ) औसत आय को................... भी कहा जाता है ।

**Fill in the blanks.**

(a) The largest artificial lake in India is .............
(b) "Kartan Dahan system" is called........................in Chhattisgarh.
(c) The safest and deepest port on the Coromandel coast of Andhra Pradesh is.....................
(d) In the 1890s, a disease called....................... spread rapidly in Africa.
(e) In the Act related to equal wages, it is said that..................... will be given for equal work.
(f) Average income is also called.....................

**प्रश्न3-** सत्य / असत्य लिखिये । **(1x6=06)**

(i ) टिस्को एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा इस्पात कारखाना है।

(ii ) कृषि और उद्योग एक दूसरे के पूरक है ।

(iii) स्मिथ फील्ड में लन्दन का सबसे पुराना कपडा बाजार था ।

(iv) मार्टिन लूथर प्रोटेस्टेंट सुधारको में से एक थे।

(v) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का गठन1885 में हुआ था।

(vi ) लोकतन्त्र व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।

**Write True/False.**

(a) TISCO is the largest steel factory in the continent of Asia.

(b) Agriculture and industry is complement to each other.

(c) Smith Field was the oldest cloth market in London.

(d) Martin Luther was one of the Protestant reformers.

(e) The Indian National Congress Party was formed in 1885.

(f) Democracy enhances the dignity of a person.

**प्रश्न4-** सही जोडी बनाइये - **(1x6=06)**

| अ | ब |
|---|---|
| (i) गुलाम गिरि | (अ) ईसाई धर्म |
| (ii) इंग्लैण्ड | (ब) लोकतन्त्र |
| (iii) रिपब्लिकन पार्टी | (स) ज्योतिबा फुले |
| (iv) सरकार का बेहतर रूप | (द) अमेरिका |
| (v) लोकतन्त्र उत्तरदायी | (ई) मनरेगा |
| (vi) 100 दिवस की रोजगार गारण्टी योजना | (फ) जिम्मेदार और वैद्य शासन |

**Match the correct pairs -**

| A | B |
|---|---|
| (i) Gulam Giri | (A) Christianity |
| (ii) England | (B) Democracy |
| (iii) Republican Party | (C) Jyotiba Phule |
| (iv) Better form of government | (D) America |
| (v) Democracy is responsible | (E) MNREGA |
| (vi) 100 days Guarantee scheme | (F) Responsible and legitimate governance |

**प्रश्न 5 -** एक वाक्य में उत्तर लिखिये। **(1x6=06)**

(i) डॉक्टर, शिक्षक, वकील, मजदूर आदि की सेवाएँ किस क्षेत्रक में आती है ?
(ii) भारत में केन्द्रीय सरकार की तरफ से करेंसी नोट कौन जारी करता है ?
(iii) बांग्लादेश में ग्रामीण बैंको की स्थापना कब और किसने की ?
(iv) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निवेश को क्या कहते हैं ?
(v) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को संक्षेप में क्या कहते हैं ?
(vi) विश्व व्यापार संगठन का ध्येय वाक्य क्या है ?

**Write answer in one sentence.**

(a) Services of doctors, teachers, lawyers, labourers etc. come under which sector?

(b) Who issues currency notes on behalf of the Central Government in India?

(c) When and who established Grameen Bank in Bangladesh?

(d) What is investment by multinational companies called?

(e) What is information and communication technology called in short?

(f) What is the motto of World Trade Organization?

**प्रश्न6-** मृदा अपरदन से क्या आशय है ? **2**

What is meant by soil erosion ?

**अथवा/ Or**

पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा अपरदन की रोकथाम के लिए कौन से दो कदम उठाना चाहिए, लिखिये ।

Write any two steps should be taken to prevent soil erosion in hilly areas.

**प्रश्न7**- जूट को सुनहरा रेशा क्यों कहा जाता है ? **2**

Why is jute called golden fiber?

**अथवा/ Or**

भारत की एक खाद्य फसल का नाम लिखिए और जहाँ यह पैदा की जाती है उन क्षेत्रों का भी नाम लिखिए ।

Write the name of a food crop of India and also name the regions where is it grown ?

**प्रश्न8**- आधारभूत उद्योग से क्या आशय है ? **2**

What is meant by basic industry ?

**अथवा/ Or**

भारत में कृषि आधारित उद्योग कौन-कौन से हैं ?

What are the agriculture based industries in India ?

**प्रश्न9-** स्थानीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में कोई दो अन्तर स्पष्ट कीजिए। **2**

What is the difference between the Local and International Trade. (Any Two)

**अथवा/ Or**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से क्या आशय है ?

What is meant by Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana?

**प्रश्न10-**जॉलवेरीन क्या है ? **2**

What is Zollverein ?

**अथवा/ Or**

नेपोलियन संहिता से क्या आशय है ?

What is meant by Napoleonic Code ?

**प्रश्न11**- गॉंधीजी ने असहयोग आन्दोलन वापिस लेने का फैसला क्यों किया ? **2**

Why did Gandhiji decide to withdraw the non-cooperation movement?

**अथवा/ Or**

रोलेट एक्ट क्या था ? और यह कब बना ?

What was Rowlatt Act and when was it made?

**प्रश्न12** - कार्न लॉ से क्या आशय है ? **2**

What is meant by Corn Law ?

**अथवा/ Or**

आयात शुल्क से क्या आशय है ?

What is meant by import duty ?

**प्रश्न13** - वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट क्या है ? और यह कब बना ? **2**

What is Vernacular Press Act and when was it made ?

**अथवा/ Or**

गाथा गीत से क्या आशय है ?

What is the meaning of Gatha Geet ?

**प्रश्न14** - सत्ता का उर्ध्वाधर विभाजन क्या है ? **2**

What is vertical division of power ?

**अथवा/ Or**

सत्ता का क्षैतिज बँटवारा क्या होता है ?

What is horizontal division of power ?

**प्रश्न15**-राजनीतिक दल किसे कहते हैं ? किन्हीं दो राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के नाम लिखिये। **2**

What are political parties? Write the names of any two national political parties.

**अथवा/ Or**

शपथ पत्र से क्या आशय है ?

What is meant by affidavit ?

**प्रश्न16** - प्रच्छन्न बेरोजगारी से आप क्या समझते है ? **2**

What do you understand by disguised unemployment ?

**अथवा/ Or**

सेवा क्षेत्रक क्या है ? उदाहरण देकर लिखिये ।

What is service sector? Write with examples.

**प्रश्न17**- वस्तु विनिमय प्रणाली से क्या आशय है ? उदाहरण देकर लिखिये । **2**

What is meant by barter system? Write with examples.

**अथवा/ Or**

मुद्रा क्या है ? इसके दो प्रमुख कार्य लिखिये ।

What is money? Write its two main functions.

**प्रश्न18**- भारत में वनों को कितने भागों में बाँटा गया है ? संक्षिप्त में समझाइए। **3**

In how many parts the forests in India are divided ? Explain in brief.

**अथवा/ Or**

मानवीय क्रियाओं से किस प्रकार प्राकृतिक वनस्पति जाति एवं प्राणी जाति को नुकसान हो रहा है ? उक्त सम्बन्ध में अपने विचार लिखिये ।

How the natural flora and fauna are being harmed due to human activities ? Write your views in this regard.

**प्रश्न19**- ब्रिटेन की महिला कामगारों ने स्पिनिंग जैनी मशीनों पर हमले क्यों किए ? कारण सहित लिखिये । **3**

Why did the women workers of Britain attack the Spinning Jenny machines? Write with reasons.

**अथवा/ Or**

स्टेपलर, फूलर और कार्डिंग का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

Explain the meaning of Stapler, Fuller and Carding.

**प्रश्न 20**- संघीय शासन व्यवस्था की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **3**

Describe three characteristics of the federal system of government.

**अथवा/ Or**

भारत में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच विधायी शक्तियों का विभाजन किया गया है। उदाहरण देकर लिखिये ।

In India, legislative powers have been divided between the central government and the state government. Write with examples.

**प्रश्न21**- भारत छोड़ो आन्दोलन की असफलता के चार कारण लिखिए। **4**

Write four reasons for the failure of Quit India Movement.

**अथवा/ Or**

समाचार पत्र के लिए निम्नलिखित पर रिपोर्ट लिखिये ।

(i ) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(ii ) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड

Write a report on the following for the newspaper.

(i) Civil Disobedience Movement

(ii) Jallianwala Bagh Massacre

**प्रश्न22-** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार किसे कहते हैं ? इसे प्रभावित करने वाले चार कारकों को समझाइए। **4**

What is international trade? Explain the four factors affecting it.

**अथवा/ Or**

परिवहन एवं संचार के साधन किसी देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा क्यों माने जाते हैं । उक्त कथन के सम्बन्ध में अपने विचार उदाहरण देकर लिखिये ।

Why are the means of transportation and communication considered the lifeline of a country's economy? Write your views with examples in relation to the above statement.

**प्रश्न23-** भारत के मानचित्र में निम्नलिखित खनिज व ऊर्जा क्षेत्रों को दर्शाइए। **4**

(i) सिंगरौली

(ii) नामरूप

(iii) कटनी

(iv) अमरकंटक

Show the following mineral and energy sectors on the map of India.

( i ) Singrauli

( ii ) Namrup

( iii ) Katni

( iv ) Amarkantak

**अथवा/ Or**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए।

( i ) पाराद्वीप बन्दरगाह

( ii) हजीरा विजयपुर, जगदीशपुर गैस पाइप लाइन

( iii ) बालाघाट

( iv) अंकलेश्वर

Show the following places on the map of India.

(i) Paradweep Port

(ii) Hazira Vijaypur, Jagdishpur Gas Pipeline

(iii) Balaghat

(iv) Ankleshwar




----------XXX-----------